वस्त्र मंत्रालय

मंत्रिमंडल हेतु माह मई, 2022 का मासिक सारांश

1. महत्वपूर्ण नीति : शून्य

2. महत्वपूर्ण उपलब्धियां:

I. कपास की अखिल भारतीय आवक लगभग 12.50 लाख गांठ थी। इस कपास मौसम में अक्टूबर 2021 से मई 2022 तक कपास की संचयी आवक 284.55 लाख गांठ रही है। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में यह लगभग 16% कम है। आमतौर पर 90% स्टॉक मई के अंत तक आता है। इसलिए कुल उत्पादन, कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा 362 लाख गांठ के शुरुआती अनुमान के मुकाबले, 315 लाख गांठ लगभग होने की उम्मीद है। चूंकि बाजार में कपास की कीमत एमएसपी से ऊपर चल रही है, भारतीय कपास निगम (सीसीआई) ने मई, 2022 के दौरान एमएसपी संचालन के तहत कपास की खरीद नहीं की है।

ii. बुनकर मुद्रा योजना के तहत मई 2022 में 324 मुद्रा ऋण स्वीकृत किए गए।

III. सेंट्रल कॉटेज इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (सीसीआईसी) ने हस्तशिल्प और हथकरघा उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए शिल्प संग्रहालय और हस्तकला अकादमी, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में "लोटा शॉप" नामक एक हस्तशिल्प और हथकरघा दुकान शुरू की है। इसके अलावा, सीसीआईसी ने सालारजंग संग्रहालय, हैदराबाद, तेलंगाना में दुकान का अधिग्रहण किया है जो वर्तमान में नवीनीकरण की प्रक्रिया में है।

iv. वस्त्र क्षेत्र के लिए उत्पादन समबद्ध प्रोत्साहन योजना 2.0 के शुभारंभ पर चर्चा करने के लिए दिनांक 17.05.2022 को सचिव (वस्त्र) की अध्यक्षता में एक हितधारक परामर्श बैठक आयोजित की गई थी। पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं अपैरल (पीएम मित्र) पर राष्ट्रीय सम्मेलन दिनांक 04.05.2022 को सचिव (वस्त्र) की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था, जहाँ सभी आवेदक राज्यों और उद्योगों के प्रतिनिधियों ने पीएम मित्र योजना पर अपनी प्रतिक्रिया साझा की।

v. माननीय वस्त्र मंत्री ने निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की:

- दिनांक 10 मई, 2022 को 14 प्रमुख क्षेत्रों की उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना की समीक्षा स्थिति पर बैठक।
- दिनांक 12 मई, 2022 को उद्योग भवन, नई दिल्ली में पटसन पर सचिव (वस्त्र) के साथ चर्चा।
- दिनांक 14 मई, 2022 को होटल ग्रैंड हयात, सांताक्रूज, मुंबई में यूके, ईयू और कनाडा के साथ चल रही एफटीए वार्ता के संबंध में उद्योग परामर्श के साथ बैठक।

- दिनांक 17 मई, 2022 को होटल अशोक, नई दिल्ली में कपास मूल्य श्रृंखला पर हितधारकों के साथ बैठक।
- वस्त्र मंत्रालय की समीक्षा पर उद्योग भवन, नई दिल्ली में 19 मई, 2022 को बैठक।
- दिनांक 20 मई, 2022 को कृषि भवन, नई दिल्ली में पीएम-मित्र पर बैठक।
- दिनांक 29 मई, 2022 को मुंबई में कपास की वर्तमान आपूर्ति को बढ़ाने और उत्पादकता को मजबूत करने से संबंधित मुद्दों के समाधान के लिए कपास पर नवगठित वस्त्र सलाहकार समूह के साथ बैठक

vi. माननीय वस्त्र राज्य मंत्री ने निम्नलिखित बैठकों की अध्यक्षता की:

- 11 मई, 2022 को निफ्ट मुख्यालय, नई दिल्ली में खादी के लिए उत्कृष्टता केंद्र पर कार्यक्रम का उद्घाटन।

Vii . सचिव (वस्त्र) ने निम्नलिखित बैठक की अध्यक्षता की/में भाग लिया:

- 04 मई, 2022 को होटल अशोक में पीएम मित्र पर सम्मेलन।
- 11 मई, 20022 को निफ्ट मुख्यालय, नई दिल्ली में खादी के उत्कृष्टता केंद्र पर कार्यक्रम के उद्घाटन में भाग लिया।
- 13 मई, 2022 को प्रधान मंत्री मित्र के साइट दौरे के बारे में जानकारी देना।
- रेशम, हस्तशिल्प एवं हथकरघा योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में राज्य अतिथि गृह, पटना बिहार में दिनांक 15 मई, 2022 को समीक्षा बैठक।
- 15 मई, 2022 को बुनकर बिहार और नेपुरा हथकरघा गांव का दौरा किया और पटना में लाभार्थी बुनकरों के साथ बातचीत की।
- 17 मई, 2022 को होटल अशोक, नई दिल्ली में कपास मूल्य श्रृंखला पर हितधारकों के साथ बैठक।
- 22 मई, 2022 को शिल्प प्रदर्शन एवं दिखाव की समीक्षा और निरीक्षण और वाराणसी के कारीगरों के साथ बातचीत ।
- 22 मई, 2022 को कार्पेट एक्सपो मार्ट भदोही के सदस्यों के साथ आईआईसीटी भदोही बैठक का दौरा।
- 26 मई, 2022 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से झंडे बनाने के लिए वस्त्र की पर्याप्त आपूर्ति की सुविधा के लिए निर्माताओं और व्यापार निकायों के साथ जुड़ने पर चर्चा करने के लिए 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम पर बैठक।
- वस्त्र आयुक्त के कार्यालय में प्रौद्योगिकी सहायता योजना (एटीयूएफएस/टीयूएफएस) के कार्यान्वयन की समीक्षा, भारतीय कपास निगम (सीसीआई) में कपास के एमएसपी संचालन की

समीक्षा और 28 मई, 2022 को मुंबई में निफ्ट मुंबई के 2022 बैच के स्नातक शो में भाग लिया।

- 29 मई, 2022 को मुंबई में कपास की वर्तमान आपूर्ति को बढ़ाने और उत्पादकता को मजबूत करने से संबंधित मुद्दों का समाधान करने के लिए कपास पर नवगठित वस्त्र सलाहकार समूह में भाग लिया।
- 2 हथकरघा समूहों का दौरा किया, निफ्ट कन्नूर में ग्रेजुएशन शो में भाग लिया और 30 मई, 2022 को कन्नूर में भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईएचटी) का दौरा किया।

viii. कार्यक्रम:

- 06 मई, 2022 को निफ्ट चैन्नै परिसर में ''आत्म निर्भर भारत'' विषय पर "डिकोलोनाइजिंग फैशन" पर एक संगोष्टी /सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत विषय के साथ "भारतीय होने पर गर्व" विषय पर फोटोग्राफी प्रतियोगिता दिनांक 27 मई, 2022 को निफ्ट जोधपुर परिसर में आयोजित की गई थी।

....